भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 93
सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तर प्रदेश में प्रसिद्ध (आइकॉनिक) स्थलों का विकास

93. श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशनः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विशेष बजटीय आबंटन की सहायता से उत्तर प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध स्थलों के विकास के लिए एक व्यापक मास्टर प्लान तैयार किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में किन-किन प्रसिद्ध (आइकॉनिक) स्थानों का विकास किया गया है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' नामक केंद्रीय क्षेत्र की अपनी चालू योजना के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास संबंधी उनके प्रयासों में सहायता प्रदान करता है। मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 का नया रूप दिया है और राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से उत्तर प्रदेश राज्य में 'प्रयागराज' और 'नैमिषारण्य' सहित देश में विकास हेतु 57 गंतव्यों को चिह्नित किया है। इस योजना में बेंचमार्किंग, विस्तृत अन्तर मूल्यांकन और हस्तक्षेपों तथा परियोजना शेल्फ की पहचान पर आधारित गंतव्य मास्टर प्लान के विकास की रूप-रेखा दी गई है। इस योजना के अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश में 15.94 करोड़ रु. की राशि से नैमिषारण्य में 'वैदिक वेलनेस एक्सपीरियंस' और 13.02 करोड़ रु. की राशि से 'आज़ाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस' नामक परियोजनाओं को स्वीकृति दी है।

*****